# कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि., रा.रा.मार्ग खण्ड– बांसवाड़ा

क्रमांकः– Forest-927/2019–20/280 दिनांकः– 12-7-2019

निमित्त,
उप वन संरक्षक,
बांसवाड़ा।

विषय :– राष्ट्रीय राजमार्ग 927–ए के विस्तारीकरण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के अंतर्गत जिला बांसवाड़ा में ग्राम वजवाना से बांसवाड़ा के बीच में प्रभावित हो रही 4.99 हेक्टेयर वन भूमि के प्रत्यावर्तन बाबत।

संदर्भ :– आपका पत्रांक 4163–67 दिनांक 09.07.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि बिंदुवार पालना प्रतिवेदन निम्नानुसार प्रस्तुत हैः–

1. बिंदु संख्या–1 के निर्देशानुसार प्रस्ताव में संलग्न किए गए पुराने लैंड शेड्यूल को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रस्ताव में से हटा लिया गया है।
2. बिंदु संख्या–2 की पालना में ग्राम पाटन तहसील बागीदौरा के खसरा नंबर 832 एवं 832/3003 में आरक्षित की गई 4.99 हेक्टेयर गैर वनभूमि का राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, वन विभाग के प्रतिनिधियों एवं इस कार्यालय के प्रतिनिधि सहायक अभियंता की मौजूदगी में दिनांक 12.07.2019 को विधिवत रूप से संयुक्त मौका निरीक्षण करवा कर निशानदेही/सीमांकन करवा लिया गया है, जिसका मौका पर्चा क्षेत्रीय वन अधिकारी, गढ़ी के पत्र दिनांक 12 जुलाई 2019 के द्वारा आप के कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है। तद्नुसार वन विभाग हेतु आरक्षित की गई भूमि वास्तव में गैर वनभूमि ही होना पाया गया है। अतः क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु आरक्षित की गई 4.99 हेक्टेयर गैर वनभूमि बाबत इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रस्तुत किए गए नक्शों में कोई भी संशोधन किया जाना आवश्यक नहीं होने से संशोधित नक्शे प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता नहीं है।
3. बिंदु संख्या–3 के क्रम में निवेदन है कि इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आपको अवगत करवाये अनुसार प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित की गई वनभूमि में प्रभावित हो रहे सभी 262 वृक्षों का पातन करवाया जाना यथावत आवश्यक/प्रस्तावित है।
4. बिंदु संख्या–4 की पालना में प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित की गई विद्यमान पक्की डामर सड़क वर्ष 1980 के पूर्व से ही निर्मित होने के संबंध में तहसीलदार गढ़ी एवं बांसवाड़ा से वांछित प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न प्रस्तुत है।
5. बिंदु संख्या–5 की पालना आपके कार्यालय से संबंधित है।

उपरोक्तानुसार इस कार्यालय से संबंधित वांछित समस्त सूचनाएं ऑनलाइन भी प्रस्तुत कर दी गई है। अतः बिंदुवार पालना रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन है कि कृपया प्रस्ताव अनुसार 4.99 हेक्टेयर वनभूमि प्रत्यावर्तन की कार्यवाही शीघ्र करवाने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

भवदीय,

कार्यालय उप वन संरक्षक, बांसवाड़ा
क्रमांक 3364
दिनांक 12/7/19

अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि.,रा.रा.मार्ग,
खण्ड–बांसवाड़ा

क्रमांकः– Forest-927/2019–20/ दिनांकः–

प्रतिलिपि श्रीमान् अधीक्षण अभियंता सा.नि.वि., रा.रा. मार्ग वृत्त उदयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि.,रा.रा.मार्ग,
खण्ड–बांसवाड़ा

विधि

उ.व.सं. 15/7/19